# NEWSLETTER

GOLD : 50521
SILVER : 55015
CRUD OIL : 6923

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

10/09/2022



# लगातार घट रही है पंजाब की मिट्टी की उर्वरकता

## पंजाब के भटिंडा शहर के जाने-माने कॉटन ब्रोकर जीवन कुमार शर्मा से एसआईएस की खास बातचीत

**पंजाब में कपास फसल का रकबा केवल इस साल नहीं घटा, बल्कि पिछले 3-4 सालों से लगातार घट रहा है। क्योंकि यहां के जमींदार और किसान पूरे साल जमीन पर फसल लगाते है, थोड़े समय के लिए भी जमीन को खाली नहीं छोड़ते। राजस्थान, महाराष्ट्र और दूसरे प्रदेशों में जहां रकबा बढ़ा है वहां के किसान साल में 2 फसल से ज्यादा नहीं लगाते जबकि, पंजाब के किसान साल में 4-4 फसल तक लगा लेते है। इसका सीधा असर मिट्टी की उर्वरक क्षमता पर पड़ता है। अब स्थिति यह है कि ना तो उपज ज्यादा हो रही है और ना ही उपजाउ जमीन है कि रकबा बढ़ाया जा सकें। पंजाब संबंधित यह जानकारी एसआईएस को दी भटिंडा के कॉटन ब्रोकर जीवन कुमार शर्मा ने।**

### पूरी तरह जागरूक नहीं है किसान

जीवन पिछले 32 सालों से कॉटन इंडस्ट्री में बतौर कॉटन ब्रोकर काम कर रहे है। वे बताते है कि पंजाब के किसान अभी पूरी तरह जागरूक नहीं है। सरकार अभियान चला रही हैं लेकिन, केवल 20 प्रतिशत किसान ही जागरूक हुए है, 80 प्रतिशत किसान अभी भी पुरानी पद्धति को ही अपनाएं हुए है। किसान यदि समझदारी से खेती करने लगें, सही बीजों और दवाईयों का उपयोग सही समय पर करने लगें तो स्थिति सुधर सकती है।

### 90 प्रतिशत यहीं हो जाती है खपत

उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक ऐसा होता था कि, पंजाब का कपास बाहर के राज्यों में जाता था, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। पंजाब में एक साल में औसतन 6 से 7 लाख बेल्स आती है। इसका केवल 10 प्रतिशत ही बाहर जाता है, 90 प्रतिशत बेल्स की खपत पंजाब में ही हो जाती है। वर्तमान में यहां लगभग 125 जिनिंग फैक्ट्रीज है और लगभग 60 स्पिनिंग मिल्स है।


### नहीं हो पा रहा कपास का सही वजन

पंजाब में कपास व्यापार को लेकर उन्होंने एसआईएस से खास चर्चा की। उन्होंने बताया कि कपास का सही वजन ना हो पाना हम ब्रोकर्स के लिए बड़ी परेशानी का सबब है। पंजाब में कॉटन की टेस्टिंग मिल्स में जाकर ही होती है। ज्यादातर मिल्स वजन करने में चालाकी बरतती है और लेते समय माल 150 से 200 किलो तक कम तोलती है और वापस करते समय 50 किलो ज्यादा तोल देती है। इस समस्या से बचने के लिए हमने एक प्रस्ताव दिया है कि मिल्स दो कांटों पर वजन कर लें और दोनों का जो भी औसत आएं वो सभी को स्वीकार्य हो। हालांकि यह प्रस्ताव अभी मान्य नहीं हुआ है।

## किसान की आवाज

### निमाड़ बेल्ट में कपास का बम्पर उत्पादन





**अविनाश दांगी**

पिछले 32 सालों से कपास की खेती कर रहे खरगोन के किसान अविनाश दांगी का कहना है कि इस साल निमाड़ बेल्ट में कपास का बम्पर उत्पादन होगा। क्योंकि कपास के इतिहास में पहली बार किसानों को इतने अच्छे भाव मिले है, जिसकी वजह है इस बार बोवनी बहुत अच्छी हुई है। सरकार भी कृषि पर ध्यान दे रही है और जरूरत की सारी सामग्री जैसे बीज, उर्वरक, दवाईया आदि आसानी से उपलब्ध है। पिछले 15 दिन से बारिश भी नहीं हुई है, इसलिए अच्छी पैदावार होने की पूरी उम्मीद है। अब सब कुछ मौसम पर ही निर्भर है, यदि बारिश नहीं होती है तो निश्चित रूप से कपास की बम्पर पैदावार होगी।

अविनाश ने इस साल 115 एकड़ भूमि पर खेती की है। वे बताते है कि मैंने 65 एकड़ पर कपास, 30 पर मक्का और 15 एकड़ पर सोयाबीन की खेती की है। चूंकि कपास में अच्छा मुनाफा होने की पूरी उम्मीद है इसलिए मैंने लगभग 80 एकड़ जमीन किराये पर लेकर खेती की है। आने वाले सीजन में कपास के भाव कैसे रहेंगे इस सवाल पर अविनाश का कहना है कि हमारा मार्केट पूरी तरह इंटरनेशनल मार्केट पर चल रहा है। अब तो हम किसान भी विदेशी बाजार पर नजर रखकर खुद को अपडेट रखने लगे है। जहां तक उम्मीद है इस साल भी किसानों को कपास के अच्छे भाव मिलेंगे।




# NEWSLETTER

NORTH :
CENTRAL :
SOUTH :
(WEATHER REPORT)

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

10/09/2022

# जाहिर सूचना

## जॉब वर्क लीज निवेदन

कपास फसल वर्ष 2022-23 के लिए प्रोसेसिंग कार्य हेतु विदर्भ में 18 जम्बो डीआर प्रेसिंग यूनिट की मशीनरी द्वितीय समय के जॉब वर्क या लीज पर देना है। इच्छुक व्यक्ति अपनी नीविदा दिनांक 15.09.2022 तक नीचे दिए पते पर भेज सकते है।

**पता**- मैनेजर, उमरखेड तालुका शेतकारी सहकारी जिनिंग एंड प्रेसिंग सोसायटी लि. यवतमाल, विदर्भ, महाराष्ट्र
**पिन कोड**- 445206
ईमेल-
**मोबाइल** - 9423652283
**ईमेल**- aplajain@gmail.com

## जानिए टेक्सटाइल निवेशकों के लिए कैसा रहा यह सप्ताह

### 05 सितंबर से 10 सितंबर के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर

इस सप्ताह शेयर मार्केट टेक्सटाइल निवेशकों के लिए खासा उत्साह भरा रहा। दरअसल, सभी प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज के शेयर्स ने इस सप्ताह में बढ़त हासिल की और पॉजीटिव मार्केट केप के साथ टॉप कंपनीज में अपनी जगह बनाए रखी। जानिए बीएससी के मंच पर कैसा रही प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की परफॉर्मेंस-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 336.45 | 340.25 | 323.5 | 2.58% |
| अरविंद लिमिटेड | 112.8 | 114.4 | 104.75 | 7.68% |
| वेलसपन इंडिया | 76.3 | 78.6 | 73.7 | 2.55% |
| नितिन स्पिनर्स | 228.3 | 228.5 | 218.05 | 2.81% |
| रेमण्ड | 1034.8 | 1068.5 | 965.3 | 5.59% |
| अक्षिता कॉटन लिमिटेड | 307.25 | 321.1 | 293.55 | 4.67% |

## जानिए कॉटन के लिए कैसा रहा ये सप्ताह

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 10.09.2022**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 2.09.22 | 9.09.22 | WEEKLY CHANGE |
| DEC | 103.21 | 104.84 | 1.63 |
| MARCH | 100.14 | 101.45 | 1.31 |
| MAY | 97.79 | 99.28 | 1.49 |
| **MCX (BALES)** | | | |
| OCT | 37610 | 36950 | -660 |
| NOV | 35800 | 35000 | -800 |
| **NCDEX (KAPAS)** | | | |
| APRIL | 1752 | 1736 | -16 |
| **NCDEX ( COCUD KHAL)** | | | |
| SEP | 2746 | 2480 | -266 |
| DEC | 2406 | 2345 | -61 |
| JAN | 2433 | 2354 | -79 |
| **CURRENCY ($)** | | | |
| INDIAN (Rupee) | 79.8 | 79.65 | -0.15 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 219.299 | 223.829 | 4.53 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.89975 | 6.92608 | 0.02633 |
| BRAZIL (Real) | 5.1726 | 5.14779 | -0.02481 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.46779 | 1.46024 | -0.00755 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.46922 | 4.49785 | 0.02863 |
| | | | |
| COTLOOK "A" INDEX | 126.6 | 122.4 | -4.2 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 127.55 | 123.63 | -3.92 |
| USDA SPOT RATE | 109.18 | 110.38 | 1.2 |
| MCX SPOT RATE | 45380 | 42890 | -2490 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 22000 | 22000 | 0 |

कॉटन कीमतों में इस सप्ताह कही उतार तो कहीं चढ़ाव देखने को मिला। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज में जहां कॉटन की कीमतों में इजाफा हुआ वही भारतीय कॉटन एक्सचेंज मार्केट एमसीएक्स और एनसीडीएक्स पर कॉटन बेल्स के भाव कम हुए है। आईस कॉटन में तीनों माह दिसंबर, मार्च और मई के फयूचर सौदे के दाम क्रमशः 1.63,1.31 और 1.49 अंक बढ़े है।

इसके विपरीत एमसीएक्स पर अक्टूबर माह की कीमतों में 660 और नवंबर माह की कीमतों में 800 रूपए की कमी दर्ज हुई है। एनसीडीएक्स पर अप्रैल महीने के कपास भाव में भी 16 रूपए की कमी हुई।

अन्य कॉटन एक्सचेंज मार्केट में कॉटलुक ए इंडेक्स, ब्राजील कॉटन इंडेक्स, एमसीएक्स स्पॉट रेट पर कॉटन भाव में कमी देखी गई जबकि यूएसडीए स्पॉट रेट पर हल्की सी बढ़त देखी गई। पाकिस्तान के केसीए स्पॉट रेट पर भाव पिछले सप्ताह वाले ही रहे। इसमें कोई अंतर नहीं हुआ।

करंसी की बात करें तो इंडियन रूपया, ब्राजील रियल और ऑस्टेलियन डॉलर में इस सप्ताह नकारात्मक अंतर दिखा जबकि पाकिस्तानी रूपया, चायनीज युआन और मलेशियन रिंगित में सकारात्मक अंतर रहा। गोल्ड, सिल्वर के भाव बढ़े जबकि क्रूड ऑयल के भाव इस सप्ताह घटे है।